BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 17 अप्रैल, 2024 **थाना अनूपशहर**

अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड 01 शातिर बदमाश गिरफ्तार, कब्जे से भारी मात्रा मे अवैध शस्त्र, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण आदि बरामद।

जनपद में अपराध व अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 16/17.04.2024 की रात्रि में थाना अनूपशहर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम शेरपुर से जे0पी0 मंदिर वाले रास्ते पर पुल के नीचे से 01 अभियुक्त को भारी मात्रा में अवैध शस्त्र, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण आदि सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अनूपशहर पर मुअसं-138/24 धारा 5/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. यूनुस पुत्र एवज निवासी ग्राम अकबरपुर थाना बहजोई जनपद संभल।

बरामदगी-

1- 02 बंदूक सिंगल बैरल 12 बोर मय 16 जिन्दा कारतूस
2- 04 तमंचे 12 बोर
3- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण**- 01 हथौडी, 01 प्लास, 01 पेचकस आदि।

गिरफ्तार अभियुक्त यूनुस का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं- 362/12 धारा 13 जी एक्ट थाना बहजोई जनपद संभल।
2- मुअसं- 138/12 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट थाना बहजोई जनपद संभल।

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि उनके द्वारा संभल व बुलन्दशहर के क्षेत्रों मे बंदूक तैयार कर उन्हें 10 हजार व तमंचे तैयार कर उन्हें 6 हजार रुपये में बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जाता है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. श्री धर्मेन्द्र सिंह राठौर प्रभारी निरीक्षक थाना अनूपशहर
2. उ0नि0 नरपाल सिंह, उ0नि0 विपुल कुमार
3. है0का0 भूपेन्द्र सिंह का0 अनीश कुमार

मीडिया सेल बुलंदशहर